मॉडल - (02)

विषय - भूगोल कक्षा– 12वी

समय : 3 घंटे **पूर्णांक: 100**

निर्देश–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें चार खण्ड है। खण्ड (अ) खण्ड (ब) खण्ड (स) खण्ड (द) प्रत्येक खण्ड में पांच प्रश्न है तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1–1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न कमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।
5. प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।
6. प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।
7. प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।
8. प्रश्न कमांक 20 से 27 तक के प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं प्रश्न कमांक 25 में मानचित्र अंकन है।

प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(i) भूगोल की मुख्य शाखाएं हैं।

(अ) एक (ब) तीन (स) चार (द) दो

(ii) सक्रिय ज्वालामुखी है –

(अ) क्राकाटोआ (ब) पोपा (स) किलिमिंजारों (द) कोटोपेक्सी

(iii) 'पृथ्वी की सतह पर सूर्यताप आता है।

(अ) लघु तरंगों के रूप में (ब) दीर्घ तरंगों के रूप में

(स) दोनों तरंगों से (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) प्रवाल जीवों द्वारा निर्मित द्वीप है।

(अ) लक्षद्वीप (ब) निकोबार (स) अंडमान (द) बैरन

(v) सबसे अधिक कोयला उत्पादक क्षेत्र है।

(अ) झरिया (ब) बैलाडीला (स) रानीगंज (द) तालचेर

खण्ड (ब)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या के .... प्रतिशत के बराबर है।

(ii) सिंचित क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में .... स्थान है।

(iii) अपने भोजन का स्वयं निर्माण करने वाले .... कहलाते हैं।

(iv) मध्य अक्षांशीय घास भूमियां संसार के .... के रूप में जानी जाती है।

(v) भारत में लगभग .... प्रतिशत अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक हवाई मार्ग द्वारा आते हैं।

खण्ड (स)

उचित संबंध जोड़िए–

(i)	हिमाचल प्रदेश	(अ)	आयात
(ii)	अन्य देशों से वस्तुए मंगाना	(ब)	शिमला
(iii)	गल्फस्ट्रीम	(स)	रेल इंजन
(iv)	चितरंजन	(द)	प्रशांत महासागर
(v)	मेरिआना गर्त	(इ)	गर्म जलधारा

खण्ड (द)

सत्य/असत्य बताइये –

(i) छत्रक शैल वायु के निक्षेपण से बनता है।

(ii) GEO का अर्थ पृथ्वी होता है।

(iii) उत्तर का विशाल मैदान सपाट और समतल है।

(iv) भारत में साक्षरता दर निरंतर घट रही है।

(v) टुअर गाइड पर्यटन स्थल पर काम करता है।

प्रश्न 2 भूगोल क्या है ?

प्रश्न 3 पृथ्वी की सबसे आंतरिक परत का नाम लिखिए।

प्रश्न 4 लवणता की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 5 वायुमंडल की मुख्य दो गैसों के नाम लिखिए।

प्रश्न 6 जैवमंडल किसे कहते हैं ?

प्रश्न 7 भारत किन अक्षांशों और देशांतरों के मध्य स्थित है ?

प्रश्न 8 पर्वतीय नगर कोडैकानल किन पहाड़ियों में स्थित है।

प्रश्न 9 पुनर्चक्रण न हो सकने वाले दो जैविक संसाधनों के नाम लिखिए।

प्रश्न 10 संसाधन उपयोग से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 11 नई कृषि नीति का प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 12 पवन ऊर्जा से प्राप्त शक्ति के दो मुख्य उपयोग लिखिए।

प्रश्न 13 ज्वारीय ऊर्जा से क्या आशय है ?

प्रश्न 14 वेगनर द्वारा दिए गए महाद्वीपीय विस्थापन के तीन प्रमाण लिखिए।

प्रश्न 15 जलवाष्प का महत्व लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 16 भूस्खलन के तीन कारण लिखिए।

प्रश्न 17 जनसंचार के तीन साधनों का संक्षिप्त वर्णन करिए।

प्रश्न 18 पर्यटक आवागमन बढ़ाने के लिए किए गए प्रोत्साहन लिखिए (कोई 3)

प्रश्न 19 हिमालय की नदियां एवं प्रायद्वीपीय भारत की नदियों की तुलना कीजिए। (कोई तीन)

प्रश्न 20. नदी के अपरदन से निर्मित दो स्थलाकृतियों को सचित्र समझाइए।

अथवा

स्टैलेक्टाइट (अश्चुताश्म) एवं स्टैलेग्माईट (निश्चुताश्म) को सचित्र समझाइए।

प्रश्न 21 टिप्पणी लिखिए – (कोई 01)

1. जलचक्र 2. नाईट्रोजन चक्र

अथवा

1. हरित गृह प्रभाव 2. अम्लीय वर्षा

प्रश्न 22 आर्द्र उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वनस्पति की चार विशेषताएं लिखिए।

अथवा

मृदा संरक्षण के उपाय लिखिए। (कोई 04)

प्रश्न 23 भारत में लिंगानुपात कम होने के चार कारण लिखिए।

अथवा

भारत की मानव विकास में खराब स्थिति होने के चार कारण लिखिए।

प्रश्न 24 भारत में हरित क्रांति का विस्तृत वर्णन कीजिए।

अथवा

भारत में की जाने वाली गेहूं एवं धान की कृषि की भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25 भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाइए–

(i) पश्चिमी तटीय मैदान

(ii) कच्छ की खाड़ी

(iii) मुंबई महानगर

(iv) कृष्णा नदी

(v) अरावली पर्वत

अथवा

भारत के सीमाकार मानचित्र में दर्शाइए –

(i) ब्रम्हपुत्र नदी

(ii) काराकोरम पर्वत श्रेणी

(iii) पूर्वी तटीय मैदान

(iv) पड़ोसी देश (भूटान)

(v) गन्ना उत्पादक एक क्षेत्र

प्रश्न 26 प्रशांत महासागर की धाराओं का विस्तृत वर्णन कीजिए।

अथवा

अटलांटिक महासागर की धाराओं का विस्तृत वर्णन कीजिए।

प्रश्न 27 उष्मा बजट का सचित्र वर्णन कीजिए।

अथवा

पर्वत समीर एवं घाटी समीर का सचित्र वर्णन कीजिए।